लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

फाल्गुन शुक्ल पक्ष अष्टमी विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 120, पृष्ठ 14+4, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, होली : यौवन के उन्माद का त्योहार व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

किआरा को पसंद आई सिद्धार्थ की 'योद्धा'...13

www.amritvichar.com

आज का मौसम: 32.0° अधिकतम तापमान, 12.0° न्यूनतम तापमान, आसमान साफ रहेगा, हल्के बादल छाए रहेंगे। सूर्योदय 06 : 16, सूर्यास्त 18 : 19

बरेली, रविवार 17 मार्च 2024

रमज़ान मुबारक

छठवां रोज़ा इफ्तार - 17 मार्च 2024

सुन्नी - 06:25 बजे

शिया - 06:32 बजे

सातवां रोज़ा सहरी - 18 मार्च 2024

सुन्नी - 04:53 बजे

शिया - 04:48 बजे

नोट:- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।

माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
An ISO 9001:2015 Certified Company
NOOR GLASS FABRICATION
If U Can Dream We Can Build
Bajrang Dhaba, Opp. SBI Bank, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
9761560515
e-mail : ahmadmuneer13@gmail.com
website : www.noorglassfabrication.com

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

SELECTION POINT
The Complete Family Store
दूल्हे हम सजाते हैं।
डिज़ाइनर सूट | शेरवानी | जोधपुरी
कुर्ता पायजामा | डिज़ाइनर शर्ट
45, Civil Lines, Bareilly 8266800220
D.D. Puram, Bareilly 7088300050

पढ़ते रहिये... अमृत विचार
फेस्टिवल ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

लोकसभा चुनाव घोषित, सात चरणों में मतदान

543 सीटों के लिए 19 अप्रैल से 1 जून तक होगा मतदान, 4 जून को मतगणना

चुनावों की घोषणा के साथ ही देशभर में लागू हुई आदर्श आचार संहिता

चार राज्यों की विधानसभाओं के लिए भी मतदान की तिथियों की घोषणा

नई दिल्ली, ब्यूरो/एजेंसी

चुनाव आयोग ने 18वीं लोकसभा के चुनावों, चार राज्यों के विधानसभा चुनाव तथा 13 राज्यों की 26 विधानसभा सीटों के उपचुनाव 19 अप्रैल से एक जून तक सात चरणों में कराने तथा मतगणना चार जून को कराने का एलान किया है। इसके साथ ही देश भर में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने दोनों चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार एवं सुखबीर सिंह संधू की मौजूदगी में शनिवार को यहां विज्ञान भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में लोकसभा की सभी 543 सीटों के साथ साथ सिक्किम (32 सीटें), अरुणाचल प्रदेश (60 सीटें), ओडिशा (147 सीटें) एवं आंध्र प्रदेश (175 सीटें) की विधानसभा चुनावों एवं 13 राज्य विधानसभाओं की 26 रिक्त सीटों पर उपचुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की।

उल्लेखनीय है कि 543 लोकसभा सीटों में से 84 सीटें अनुसूचित जाति और 47 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। कुमार ने भारत के आम चुनाव को दुनिया में लोकतंत्र का सबसे बड़ा महापर्व करार देते हुए कहा कि आयोग ने दो साल से इसकी तैयारी की और वह हिंसा, रक्तपात, धनबल एवं दुष्प्रचार को रोकने के लिए अब तक की सबसे प्रभावी व्यवस्था के साथ आए हैं। उन्होंने कहा कि चुनावों की शुरुआत 20 मार्च को पहली अधिसूचना के साथ होगी। पहले चरण में 19 अप्रैल को 21 राज्यों की 102 सीटों पर, दूसरे चरण में 26 अप्रैल को 13 राज्यों की 89 सीटों पर, तीसरे चरण में सात मई को 12 राज्यों की 94 सीटों पर, चौथे चरण में 13 मई को 10 राज्यों की 96 सीटों पर, पांचवें चरण में 20 मई को आठ राज्यों की 49 सीटों पर, छठवें चरण में 25 मई को सात राज्यों की 57 सीटों और सातवें चरण में एक जून को आठ राज्यों की 57 सीटों पर मतदान होगा। 22 राज्यों के लिए एक ही चरण में मतदान होगा। जबकि बिहार, पश्चिम बंगाल एवं उत्तर प्रदेश की सीटों के लिए सभी सातों चरणों में मतदान कराया जाएगा। चार राज्यों - कर्नाटक, राजस्थान, त्रिपुरा एवं मणिपुर में दो चरणों में, छत्तीसगढ़ एवं असम में तीन चरणों में, ओडिशा, मध्य प्रदेश एवं झारखंड में चार चरणों में, महाराष्ट्र एवं जम्मू कश्मीर में पांच चरणों में मतदान कराया जाएगा।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि सभी की मतगणना चार जून को होगी। कुमार ने बताया कि इस बार के आम चुनाव के लिए करीब 96.8 करोड़ मतदाता पंजीकृत हैं जिनमें पुरुष मतदाता 49.7 करोड़, महिला मतदाता 47.1 करोड़ तथा ट्रांसजेंडर मतदाता 48 हजार हैं। 12 राज्यों में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से अधिक है। उन्होंने कहा कि 19.74 करोड़ मतदाता युवा वर्ग (20 से 29 वर्ष आयु) के हैं जबकि 1.82 करोड़ मतदाता 18 से 19 वर्ष आयु के हैं और मतदान के लिए पहली बार पंजीकृत किए गए हैं जिनमें 85.9 लाख महिलाएं हैं।

नई दिल्ली में शनिवार को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और एसएस संधू।

- 96.8 करोड़ कुल पंजीकृत मतदाता
- 49.7 करोड़ पुरुष, 47.1 करोड़ महिलाएं
- 19.74 करोड़ वोटर 20 से 29 आयु वर्ग के
- 1.82 करोड़ वोटर 18 से 19 आयु वर्ग के
- 48 हजार ट्रांसजेंडर मतदाता

ईवीएम से सुरक्षित और निष्पक्ष मतदान संभव

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि देश में मतदान के लिए प्रयोग की जा रही इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पूरी तरह से सुरक्षित और निष्पक्ष है तथा इसके साथ छेड़छाड़ नहीं की जा सकती। राजीव कुमार ने संवाददाताओं के सवालों के जवाब में यह बात कही।

85 साल से ज्यादा उम्र के वोटर करेंगे घर बैठे वोटिंग

चुनाव आयोग ने इस बार 85 वर्ष से ऊपर के 82 लाख और 40 प्रतिशत तक दिव्यांगता वाले 88.4 लाख मतदाताओं से घर से मतदान करने का विकल्प उपलब्ध कराने का फैसला किया है। चुनाव आयोग ने चुनाव प्रक्रिया की प्रभावी निगरानी के लिए 2100 पर्यवेक्षक तैनात किये हैं।

10.48 लाख मतदान केंद्र, 55 लाख ईवीएम



मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि 2.18 लाख मतदाता 100 वर्ष से अधिक आयु के हैं। जबकि पांच से छह लाख ऐसे मतदाता भी वोट दे सकेंगे जो एक अप्रैल को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करेंगे। उन्होंने मतदाता पंजीकरण के लिए पहले से आवेदन कर रखा था। मुख्य चुनाव आयुक्त के अनुसार 10.48 लाख मतदान केन्द्र स्थापित किए जाएंगे जिनमें करीब 55 लाख इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) उपलब्ध कराई जाएंगी।

उत्तर प्रदेश में किस चरण में, कहां मतदान

पहला चरण	19 अप्रैल 8 सीट	सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत।
दूसरा चरण	26 अप्रैल 8 सीट	अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा।
तीसरा चरण	7 मई 10 सीट	संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, बदायूं, आंवला और बरेली।
चौथा चरण	13 मई 13 सीट	शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच।
पांचवां चरण	20 मई 14 सीट	मोहनलालगंज, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशांबी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज और गोंडा।
छठा चरण	25 मई 14 सीट	सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीर नगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर और भदोही।
सातवां चरण	1 जून 13 सीट	महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर और रॉबर्ट्सगंज।

उत्तराखंड में 20 मार्च को अधिसूचना, 19 अप्रैल को मतदान

उत्तराखंड की सभी पांच संसदीय क्षेत्र में पहले चरण में 19 अप्रैल को एक साथ मतदान होगा। 20 मार्च को चुनाव की अधिसूचना जारी होगी और 27 मार्च तक नामांकन की अंतिम तिथि है। नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को होगी और नाम वापसी 30 मार्च तक हो सकेगी। उत्तराखंड में टिहरी गढ़वाल, पौड़ी गढ़वाल, अल्मोड़ा (सु), नैनीताल, उधम सिंह नगर एवं हरिद्वार संसदीय क्षेत्र हैं।

सपा के छह और प्रत्याशी घोषित

लखनऊ। लोकसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी (सपा) ने उत्तर प्रदेश के छह और प्रत्याशियों की सूची जारी की है। जिसमें आजमगढ़ सीट पर धर्मेंद्र यादव को प्रत्याशी घोषित किया गया हैं। शनिवार को जारी 5वीं सूची के बाद संख्या 42 पहुंच चुकी है। इंडिया गठबंधन में मिली 63 सीटों पर, सपा क्रमवार प्रत्याशी घोषित कर रही है। प्रदेश कार्यालय द्वारा जारी सूची में गौतमबुद्ध नगर से महेंद्र नागर, मिश्रिख से मनोज कुमार राजवंशी, सुल्तानपुर से भीम निषाद, इटावा से जितेन्द्र दोहरे और जालौन में नारायणदास अहिरवार को प्रत्याशी बनाया गया है।

पांच आईएएस अफसरों के तबादले, एक का रद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नितिन का केडीए उपाध्यक्ष पर किया गया तबादला निरस्त

अमृत विचार : राज्य सरकार ने लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले फिर पांच आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। जबकि आईएएस नितिन का उपाध्यक्ष, कानपुर नगर विकास प्राधिकरण के पद पर किया गया ट्रांसफर निरस्त कर दिया गया है। वे विकास प्राधिकरण पिलखुवा, बुलन्दशहर में बने रहेंगे।

शासन ने एआईजी स्टाम्प आईएएस रवीश गुप्ता को प्रबंध निदेशक पर्यटन निगम बनाया है। जबकि विशेष सचिव ऊर्जा राहुल सिंह को एआईजी स्टाम्प बनाया गया है। आईएएस अतुल सिंह को आरएफसी लखनऊ का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। वहीं, आईएएस अनिता यादव को आरएफसी आगरा का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। आईएएस विजय कुमार को विशेष सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक लखनऊ बनाया गया है।

केजरीवाल अदालत में पेश हुए, मिली जमानत

नई दिल्ली, ब्यूरो

- दिल्ली शराब घोटाले में 1 अप्रैल को अगली सुनवाई

अमृत विचार: दिल्ली शराब घोटाले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को स्थानीय अदालत में पेश होना ही पड़ा। हालांकि उन्हें जमानत मिल गई है। अगली सुनवाई 1 अप्रैल को होगी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन पर पेश न होने के विरुद्ध दो मामले दर्ज किए गए थे। दिल्ली शराब घोटाला मामले में पूछताछ करने के लिए ईडी ने केजरीवाल को भी तलब किया था लेकिन वह 8 बार समन भेजने के बावजूद नहीं गए थे और आरोप लगाया था कि भाजपा के इशारे पर ईडी उन्हें गिरफ्तार करना चाहता है। ईडी ने केजरीवाल के विरुद्ध दो मामले दर्ज करवाए थे। जिनकी सुनवाई के बाद अदालत ने मुख्यमंत्री को तलब किया था लेकिन जमानत मिलने के बाद केजरीवाल को व्यक्तिगत पेशी से राहत मिल गई है।

आयोग के अधीन हुई शासन की गतिविधियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : निष्पक्ष और निर्भीक होकर अधिकाधिक मतदान कराना अब शासन समेत जिलों के अधिकारियों और कर्मचारियों की प्राथमिकता होगी। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही शनिवार शाम से शासन की गतिविधियों पर केंद्र और राज्य चुनाव आयोग की सीधी निगरानी शुरू हो गई है। इसकी हनक भी दिखने लगी। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री समेत मंत्रियों और सभी राजनीतिक दलों व समर्थकों के होर्डिंग-बैनर आदि सड़कें-गलियों, चौराहों, संस्थानों आदि से साफ कराने का काम शुरू हो गया।

लोकसभा चुनाव के लिए तिथियों की घोषणा के साथ ही शनिवार शाम से स्वंतत्र, निष्पक्ष मतदान कराना शासन-प्रशासन की प्राथमिकता हो गई। चुनाव संचालन के लिए मतदान प्रबंधों पर फोकस हो गया है। मंत्रीगण और वीवीआईपी आदि सरकारी सुविधाओं का न प्रयोग कर सकेंगे, न ही मतदाताओं को प्रभावित करने वाले कार्य ही करेंगे। शीर्ष अधिकारी भी अब इनके साथ सभाओं और रोड शो में नहीं दिखेंगे। उनका कार्य सिर्फ चुनाव और सुरक्षा को लेकर व्यवस्थाएं देने तक सीमित होगा।

बदली प्राथमिकताएं

- चुनाव आयोग की निगरानी में अफसर और कर्मचारी
- मंत्रियों के आगे-पीछे नहीं दिखाई देंगे अधिकारी

उत्तर प्रदेश में सात चरणों में होने वाले 80 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। इसी के साथ पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। सभी जनपदों को निर्देश निर्गत कर दिए गए हैं। - **नवदीप रिणवा**, मुख्य निर्वाचन अधिकारी (उत्तर प्रदेश)

प्रदेश में 15.34 करोड़ वोटर लेंगे चुनाव में हिस्सा

प्रदेश में वर्तमान में कुल मतदाताओं की संख्या 15.34 करोड़ है, जिसमें 8.17 करोड़ पुरुष, 7.17 करोड़ महिला, 6,638 तृतीय लिंग और 12,51,827 दिव्यांग मतदाता हैं। प्रदेश में कुल पोलिंग स्टेशन लोकेशन की संख्या 92,587 एवं मतदेय स्थल की संख्या 1,62,041 (1,62,012 मूल व 29 सहायक मतदेय स्थल) है।

एक नजर

ईडी को मिली 23 मार्च तक कविता की हिरासत

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को शनिवार को 23 मार्च तक के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। ईडी मामलों के विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल ने ईडी की याचिका पर यह आदेश सुनाया। एजेंसी ने तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की बेटी कविता को अदालत में पेश किया और 10 दिन की हिरासत मांगी।

शिवसेना (यूबीटी) नेता की 88.51 लाख की संपत्ति कुर्क

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोविड-19 अवधि के दौरान प्रवासियों के बीच खिचड़ी के वितरण में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले में शिवसेना (यूबीटी) नेता सूरज चव्हाण की 88.51 लाख रुपये की अचल संपत्ति कुर्क की है। यह कार्रवाई धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत की गई है।

गायिका अनुराधा पौडवाल भाजपा में हुईं शामिल

नई दिल्ली। प्रसिद्ध बॉलीवुड गायिका अनुराधा पौडवाल लोकसभा चुनाव से पहले शनिवार को यहां भाजपा में शामिल हो गईं। यहां भाजपा मुख्यालय में पार्टी नेताओं के साथ संवाददाता सम्मेलन में पौडवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा की और कहा कि उन्हें मोदी की अगुवाई वाली पार्टी में शामिल होकर खुशी हो रही है।

डबल इंजन की सरकार सपने नहीं हकीकत बुनती है : योगी

मुरादाबाद में विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मुरादाबाद में 112 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डबल इंजन की सरकार सपने नहीं हकीकत बुनती है, तभी तो जनता मोदी को चुनती है। उन्होंने प्रदेश की पिछली सरकारों पर तंज कसा कि वह कर्फ्यू लगाते थे हम कांवड़ यात्रा निकालते हैं। मुख्यमंत्री ने मुरादाबाद के बुद्धि विहार मैदान में राज्य विश्वविद्यालय के शिलान्यास के साथ ही 513.35 करोड़ रुपये की 112 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने शनिवार को मुरादाबाद व रामपुर भ्रमण के दौरान पहले मुरादाबाद के डॉ. भीमराव आंबेडकर पुलिस अकादमी में प्रशिक्षु दरोगाओं की पासिंग आउट परेड की सलामी ली। बुद्धि विहार के मैदान में योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। जिसमें 167 करोड़ रुपये की लागत से राज्य विश्वविद्यालय मुरादाबाद और मिर्जापुर के मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय का शिलान्यास भी शामिल है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प विकसित भारत का है। इसके लिए विकसित उत्तर प्रदेश चाहिए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने मुरादाबाद के लोगों की वर्षों पुरानी सरकारी विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग को पूरा करते हुए बजट भी आवंटित कर दिया है। रामपुर की जनसभा में मुख्यमंत्री ने बिना नाम लिए आजम खां के मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी पर निशाना साधा। कहा कि गरीबों की जमीनें हड़प कर यूनिवर्सिटी बना दी गई। उन्होंने कहा कि रामपुर की पहचान रामपुरी चाकू से थी। कुछ लोग चाकू का इस्तेमाल जेब कतरने में करते थे, हमने उसी चाकू का इस्तेमाल सबको सुरक्षा देने में कर दिया।

डूंगरपुर मामले में आजम सहित 4 दोषी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- कल सुनाई जाएगी सजा, कोर्ट में पेश हुए आजम खां

अमृत विचार : डूंगरपुर के एक मामले में शनिवार को अदालत ने सपा नेता आजम खां, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर खां, ठेकेदार बरकत अली और रिटायर्ड सीओ आले हसन को दोषी करार दिया है। इस मामले में सजा 18 मार्च को सुनाई जाएगी।

गंज थाना क्षेत्र के डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने के आरोप में 2019 में 12 मुकदमे दर्ज हुए थे। ये सभी मामले बस्ती में रहने वाले लोगों की ओर से दर्ज कराए गए थे। घरों में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज, डकैती के आरोप में पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां, बरकत अली, रिटायर्ड सीओ आले हसन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में हो रही है। शनिवार को सीतापुर जेल से आजम खां कोर्ट पहुंचे। पूर्व पालिका अध्यक्ष अजहर खां बिजनौर जेल से रामपुर आए। कोर्ट ने आजम खां समेत चार लोगों को दोषी ठहराया। इनके अलावा जिबरान नासिर, फरहान नासिर और पूर्व जिलाध्यक्ष ओमेंद्र सिंह चौहान को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया। एडीजीसी कुमार सौरभ ने बताया कि कोर्ट ने आजम खां सहित चार को दोषी करार दिया है। इस मामले में 18 मार्च को सजा सुनाई जाएगी।

पहल | जिले से लेकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं होंगी, छात्र-छात्रा पहली बार मैदान पर दिखाएंगे अपनी प्रतिभा

'आश्रम' तैयार करेंगे भविष्य के अर्जुन और लक्ष्मीबाई

राजीव शुक्ला, लखनऊ

- 75 जिलों में 94 विद्यालयों के लिए पहली बार जारी हुआ वार्षिक खेल कैलेंडर
- समाज कल्याण विभाग ने दी प्रत्येक विद्यालय को 25,000 रुपये धनराशि

अमृत विचार : सिर्फ पढ़ाई ही नहीं आश्रम पद्धति विद्यालयों में अब छात्र-छात्राओं को खेलों में भी निपुण किया जाएगा। इन ''आश्रमों'' में भविष्य के ''अर्जुन'' और ''रानी लक्ष्मीबाई'' की नई पौध तैयार की जाएगी। जो न केवल देश में वरन विदेश में भी भारत का झंडा लहराएंगे। इसके लिए समाज कल्याण विभाग ने तैयारियां कर ली हैं। जल्द ही यहां पर विभिन्न खेलों के प्रशिक्षण के लिए उपकरण भी आ जाएंगे। पहली बार आश्रम पद्धति विद्यालयों के लिए वार्षिक खेल कैलेंडर जारी किया गया है। सबकुछ कार्ययोजना के अनुसार हुआ तो यहां से देश और प्रांत का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ी मैदान पर अपना हुनर दिखाएंगे।

प्रदेश के 75 जिलों में 94 आश्रम पद्धति विद्यालयों का संचालन समाज कल्याण विभाग कर रहा है। इन विद्यालयों में लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। पठन-पाठन के साथ अब इन विद्यालयों में वार्षिकोत्सव और विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। जुलाई-अगस्त में विद्यालय-जिला स्तर पर, सितंबर-अक्टूबर में मंडल स्तर पर और नवंबर-दिसंबर में राज्य स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन केडी सिंह बाबू स्टेडियम में कराया जाएगा। विभाग की ओर से विद्यालयों को 25-25 हजार रुपये की धनराशि दी गई है। इस धनराशि से खेल उपकरण मंगाए जाएंगे।

इन खेलों से तैयार होगी खिलाड़ियों की नई पौध : खो-खो, कबड्डी, शतरंज, वालीबॉल, फुटबाल, दौड़, तैराकी, लूडो, कैरम, रस्साकशी, दौड़, बैडमिंटन, गोला फेंक और डिस्क थ्रो आदि कई खेल भविष्य के खिलाड़ियों की नींव रखेंगे।

बेहतर प्रदर्शन से राष्ट्रीय स्तर पर मिलेगा मौका



राज्य स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। अभी तक सिर्फ पढ़ाई को ही कैरियर मान रहे छात्र-छात्राओं को खेल में भी कामयाबी का शिखर चूमने का अवसर मिलेगा। विभागीय अधिकारियों की योजना है कि 94 विद्यालयों से खेल के क्षेत्र में नाम रोशन करने वाले छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ाया जाएगा ताकि विश्व स्तर पर वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। समाज कल्याण निदेशक ने खेलों का बढ़ावा देने वाली सामग्री की सूची विद्यालयों से मांगी है। कुछ विद्यालयों ने सूची भेजी भी है।

आश्रम पद्धति विद्यालय में वार्षिकोत्सव कराया जाएगा। खेलों का भी आयोजन किया जाएगा। वार्षिकोत्सव और खेल प्रतियोगिता का कैलेंडर पहली बार जारी किया गया है। राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता कराने के लिए खेल निदेशक से बातकर उसे अंतिम रूप दे दिया गया है। बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। -**कुमार प्रशांत**, निदेशक समाज कल्याण

एक नजर

जिला स्तरीय नवसाक्षर परीक्षा आज

शाहजहांपुर। नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत नवसाक्षरों की परीक्षा रविवार को सुबह 10 से शाम पांच बजे तक होगी। साक्षरता परीक्षा जनपद के समस्त विकास खंडो के परिषदीय विद्यालयों में कराई जाएगी। इस संबंध में बीएसए रणवीर सिंह ने आदेश जारी करते हुए कहा है कि परीक्षार्थी निर्धारित समयावधि के मध्य किसी भी समय परीक्षा केंद्र पर शामिल हो सकेंगे। परीक्षा अवधि में विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहेगा। प्रधान अध्यापक और इंचार्ज प्रधान अध्यापक केंद्र व्यवस्थापक के निर्देशन में परीक्षा कराएंगे। प्रत्येक बीआरसी पर कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा।

जागरुकता वर्कशॉप का कल होगा आयोजन

पुवायां। जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार 18 मार्च को नगर के विवेकानंद पीजी महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता वर्कशॉप का आयोजन होगा। यह जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मोहित निगम ने दी।

अनुपस्थित परीक्षकों के विरुद्ध की जाएगी कार्रवाई

परीक्षकों की कमी के बीच यूपी बोर्ड का मूल्यांकन शुरू, बोले डीआईओएस- यह स्थिति छात्रहित में उचित नहीं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- पहले दिन हाईस्कूल की 5668 और इंटर की 5475 कॉपियां ही जांची जा सकीं
- 1871 परीक्षकों के सापेक्ष मात्र 798 शिक्षक ही पहुंचे जिम्मेदारी निभाने
- केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त सीसीटीवी से हो रही निगरानी

अमृत विचार : यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शनिवार से शुरू हो गया। मूल्यांकन के लिए हाईस्कूल के दो और इंटर की चार केंद्र बनाए गए हैं। पहले दिन सभी केंद्रों पर परीक्षकों की भारी कमी रही। डीआईओएस ने सभी केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पहले दिन हाईस्कूल की 5668 और इंटर की 5475 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हुआ। जबकि 1871 के सापेक्ष 798 परीक्षक ही उपस्थित हुए।

मूल्यांकन से पहले बोर्ड के निर्देशानुसार सभी केंद्रों पर बैठक कर परीक्षकों को उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस बार की खास बात यह है कि उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन स्टेप वाइज किया जाएगा। यानि एक गलती पर पूरा उत्तर नहीं काटा जाएगा। स्वच्छता का भी एक अंक निर्धारित किया गया है। वहीं, नियंत्रक/डीआईओएस हरिवंश कुमार ने भी मूल्यांकन केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षकों का उत्साहवर्द्धन करते हुए छात्रहित में पूरी निष्ठा और लगन के साथ बिना किसी लापरवाही के कापियां जांचने को प्रेरित किया। सभी केंद्रों पर एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किया गया है। साथ ही सीसीटीवी की निगरानी में कॉपियां जांची जा रही हैं।

एक केंद्र पर यूपी बोर्ड की कॉपियों का मूल्यांकन करते परीक्षक। ● अमृत विचार

कितनी जांची गईं कॉपियां

पहले दिन शनिवार को इंटरमीडिएट के लिए मूल्यांकन केंद्र बनाए गए जीआईसी में 348 कॉपियां जांची जा सकीं। इसी तरह देवी प्रसाद इंटर कॉलेज केंद्र पर 2359, इस्लामिया इंटर कॉलेज में 1269 और एसपी कॉलेज में 1499 कापियां जांची गईं। जबकि हाईस्कूल के मूल्यांकन केंद्र स्वामी धर्मानंद सरस्वती इंटर कॉलेज में 1863 और एबी रिच इंटर कॉलेज में सर्वाधिक 3805 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। इस तरह पहले दिन हाईस्कूल की कुल 5668 और इंटर की 5475 कॉपियां ही जांची जा सकीं।

कितने परीक्षकों का रहा टोटा

जीआईसी केंद्र पर बोर्ड से आवंटित 177 परीक्षकों के सापेक्ष मात्र 59 परीक्षक ही उपस्थित हो सके। इसी तरह देवी प्रसाद इंटर कॉलेज में 173 के सापेक्ष 77, इस्लामिया इंटर कॉलेज में 176 के सापेक्ष 75, एसपी कॉलेज में 189 के सापेक्ष 93, स्वामी धर्मानंद इंटर कॉलेज में 576 के सापेक्ष 263 और एबी रिच इंटर कॉलेज में 580 के सापेक्ष मात्र 231 परीक्षक ही काम पर आ सके। इस तरह 1871 परीक्षकों के सापेक्ष पहले दिन मात्र 798 परीक्षक ही उपस्थित हो सके।

यूपी बोर्ड का मूल्यांकन कार्य शनिवार से शुरू हो चुका है। पहले दिन बड़ी संख्या में शिक्षक आवंटित मूल्यांकन केंद्रों पर नहीं पहुंच सके। यह स्थिति छात्रहित में उचित नहीं कही जा सकती है। जो शिक्षक परीक्षक नियुक्त किए गए हैं, वह अपनी जिम्मेदारी समझते हुए तत्काल बोर्ड परीक्षा की कॉपियां जांचने के लिए अपने केंद्रों पर पहुंचना सुनिश्चित करें, ताकि समय पर इस महत्वपूर्ण कार्य को संपन्न कराया जा सके। जो शिक्षक मूल्यांकन के लिए उपस्थित नहीं होंगे, उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। – **हरिवंश कुमार**, नियंत्रक/डीआईओएस

छात्रवृत्ति की आस, डीएम दरबार में गुहार लगाने पहुंचे सैकड़ों छात्र

कलेक्ट्रेट में सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार को ज्ञापन देते छात्र। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- छात्रवृति फार्म में सुधार की तिथि बढ़ाने की उठाई मांग, सौंपा ज्ञापन

अमृत विचार : छात्रवृत्ति से वंचित होने के बाद आक्रोशित सैकड़ों छात्र दूसरे दिन शनिवार को कलेक्ट्रेट में डीएम से मिलने जा पहुंचे। डीएम की अनुपस्थिति में छात्रों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार को सौंपा।

जिसमें बताया कि हम लोगों की दशमेत्तर छात्रवृत्ति बिना वैध कारण के जनपद छात्रवृत्ति समिति की लापरवाही से रिजेक्ट कर दी गई है। जिसकी हम लोगों द्वारा समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण सहित अन्य अफसरों से शिकायत की गई लेकिन कोई सुनवाई नही हो रही हैं। छात्रों ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि छात्रवृत्ति में सुधार की तिथियां बढ़ाई जाए। जिला छात्रवृति समिति को निर्देश दिए जाए जिससे पात्रों को छात्रवृत्ति मिल सके। सिटी मजिस्ट्रेट ने छात्रों को आश्वासन दिया कि वह मामले की जांच कराकर छात्रवृत्ति दिलाने का प्रयास करेगें। इस दौरान आशीष कुमार, मनमोहन, रिंकू, उमाशंकर, शिवम राज, मोहित यादव, दीपक, आलोक आदि छात्र मौजूद रहे।

800 कर्मियों को मिलेगा बीमा का लाभ

शाहजहांपुर। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत स्वास्थ्य कर्मचारियों को 30 लाख तक के बीमा का लाभ मिलेगा। जिले के लगभग 800 एवं प्रदेश के 98 हजार कर्मचारियों को फायदा पहुंचेगा। सरकार ने यह निर्णय गत दिनों संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संघ की ओर से हुई डिजिटल हड़ताल को ध्यान में रखते हुए लिया गया। संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर डिजिटल हड़ताल के दौरान पूरे प्रदेश में दो दिन ऑनलाइन रिपोर्टिंग बंद की थी। इसके बाद सरकार ने तीन साल से लंबित दुर्घटना बीमा के लिए कंपनी का चयन किया। संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अध्यक्ष अशोक दीक्षित ने बताया कि सरकार ने बीमा का लाभ देकर बहुत अच्छा काम किया है। वहीं जिला महामंत्री सुदीप शुक्ला ने बताया कि संविदा कर्मचारियों को इस बीमा के जरिए बहुत लाभ मिलेगा, इसमें स्थाई और अस्थाई दिव्यांगता में भी बीमा राशि मिलने का प्रावधान है। यह भी बताया कि जल्द ही इसमें चिकित्सा सुविधा का लाभ भी जोड़ दिया जाएगा।

कांग्रेस सेवा दल के जिलाध्यक्ष अतित कुमार का किया स्वागत

जिलाध्यक्ष अतित कुमार का फूलमाला पहनाकर स्वागत करते पार्टी पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस सेवा दल के नवनियुक्त कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अतित कुमार 'बागी' का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।

शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में बागी ने अपने विचार व्यक्त कर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया। वहीं पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कहा कि अतित बागी के जरिये संगठन को नई ऊर्जा और शक्ति मिलेगी। इस दौरान बागी को सेवादल की टोपी पहना प्रदेश अध्यक्ष द्वारा दिया गया नियुक्ति पत्र सौंपा गया। इस मौके पर लक्ष्मी नारायण मिश्रा, गायत्री प्रकाश अवस्थी एडवोकेट, सत्येंद्र त्रिवेदी, मोहिनी सागर, देशराज यादव, मो. इरफान, रफ्यूल हसन, प्रत्यूश मिश्रा आदि कांग्रेसी मौजूद रहे। संचालन फुरकान अहमद कुरैशी ने किया।

चंद्रमा, सूर्य, बृहस्पति जैसे ग्रह निहार कर छात्र रोमांचित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग में ब्रह्मांड दर्शन पर दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को खगोलीय घटनाओं की जानकारी दी गई। सेमिनार विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए बहुत खास रहा। प्रायोगिक सेशन में विद्यार्थियों ने 15 मार्च की रात्रि में विशेष प्रकार की दूरबीन से वृहस्पति एवं इसके उपग्रहों, चंद्रमा, मृग नक्षत्र तथा ओरियन नेबुला का प्रेक्षण किया। दिन में सौर धब्बों को विद्यार्थियों ने भली भांति देखते हुए उनके विषय में जानकारी प्राप्त की।

मुख्य अतिथि आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान, नैनीताल के डॉ. वीरेंद्र यादव ने कहा कि प्रकाश प्रदूषण की वजह से आकाश को स्पष्टता के साथ निहार पाना बहुत मुश्किल हो गया है। प्रकाश प्रदूषण की वजह से धुंधले आकाशीय पिंड एकदम नजर नहीं आते हैं। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को भारत के सबसे बड़े दूरदर्शी 3.6 मीटर टेलिस्कोप के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत, बेल्जियम एवं कनाडा के सम्मिलित प्रयास से 4 मीटर अंतर्राष्ट्रीय द्रव दर्पण दूरदर्शी तैयार किया जा रहा है। सैद्धांतिक सेशन में डॉ. वीरेंद्र यादव ने सूर्य के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सूर्य की सफेद सतह का तापमान 5500 डिग्री सेल्सियस एवं सूर्य की सतह पर मौजूद काले धब्बों का तापमान 3000 से 4000 डिग्री सेल्सियस होता है। सूर्य में 76 प्रतिशत हाइड्रोजन होती है। इसके अतिरिक्त उन्होंने कोरोनल मास इंजेक्शन एवं सौर ज्वाला अरोरा, चंद्रमा समेत चंद्र कलाओं एवं चंद्र ग्रहण के बारे में भी उपयोगी जानकारी दी। विभागाध्यक्ष डॉ. शिशिर शुक्ला की देखरेख में चले कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजनंदन सिंह ने किया। इस मौके पर प्रबंध समिति के सचिव डॉ. अवनीश मिश्रा, उपप्राचार्य डॉ. अनुराग अग्रवाल, डॉ. आलोक सिंह, डॉ. अजीत सिंह चारग, डॉ. प्रांजल शाही, डॉ. अमित गंगवार, डॉ. मृदुल पटेल, डॉ. दुर्गविजय, डॉ. सुजीत वर्मा, डॉ. संदीप कुमार सिंह, सत्येंद्र कुमार सिंह, नितिन शुक्ला, प्रशांत शर्मा, चंदन गिरी गोस्वामी, सुधाकर गुप्ता, देवेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

एसएस कॉलेज में छात्रों को खगोलीय घटनाओं की जानकारी देते आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान, नैनीताल के डॉ. वीरेंद्र यादव। ● अमृत विचार

- एसएस कॉलेज में आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान नैनीताल के सहयोग से हुआ सेमिनार
- दो दिवसीय कार्यक्रम में डॉ. वीरेंद्र यादव ने भौतिक विज्ञान के विद्यार्थियों को कराया ब्रह्मांड दर्शन

खगोलिकी की उपयोगिता बताई

उन्होंने बताया कि कि चंद्रमा और पृथ्वी की कक्षाओं का प्रतल जहां पर मिलता है, वह बिंदु राहु एवं केतु कहलाते हैं। इसके अलावा उन्होंने तारे, ग्रह, नक्षत्र, उल्का, नेबुला, क्षुद्र ग्रह, गैलेक्सी, धूमकेतु आदि के विषय में भी महत्वपूर्ण जानकारी देकर विद्यार्थियों को रोमांचित किया। आधुनिक जीवन में इसके उपयोग को समझाते हुए जीपीएस, जीएनएसएस, आईआरएनएसएस, सीडीडी एवं अन्य कई क्षेत्रों में खगोलिकी के योगदान की जानकारी दी।

आवश्यकता है

अमृत विचार बरेली ऑफिस को

● ऑफिस बॉय व हाउसकीपिंग में कार्य करने हेतु लड़कों की

योग्यता :- 8वीं 10वीं पास

इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-

8476006584, 9518031113

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession

वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल

एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989

मेडिसिन विभाग :- सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।

सर्जरी विभाग :- पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग,बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :- बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

बाल रोग विभाग :- बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए नि:शुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।

कैंसर विभाग :- स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।

नेत्र रोग विभाग :- काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।

हड्डी रोग विभाग :- स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।

मानसिक रोग विभाग :- उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।

चर्म रोग विभाग :- सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

नाक कान एवं गला रोग विभाग :- कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेंस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।

छाती व श्वास रोग :- छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

डायलिसिस विभाग :- डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

ब्लड बैंक: - ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

डेंटल विभाग :- समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।

न्यूरो सर्जरी विभाग - सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन टयूमर , स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका,दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।

प्लास्टिक सर्जरी विभाग - जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।

स्किन विभाग - लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

उपलब्ध सुविधायें:-

★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध

मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।

घरेलू बिजली बिल में दोबारा छूट देने की मांग

शाहजहांपुर, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने विभिन्न मांगों को लेकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार को सौंपा।

जिलाध्यक्ष रवि प्रजापति के नेतृत्व में शनिवार को दिए गए ज्ञापन में मांग की गई है कि घरेलू बिजली बिल में छूट ओटीएस योजना को फिर से लागू किया जाए, जिससे उपभोक्ताओं को लाभ मिल सके। अभी भी गरीब तबके के उपभोक्ता बिजली का बिल जमा नहीं कर पाए हैं। बिजली के बिल विभाग द्वारा बहुत अधिक मीटर जंपिंग की बात कहकर निकाले जा रहे हैं। किसानों व उपभोक्ताओं को फर्जी मुकदमे की धमकी देकर धन उगाही की जा रही है, जिसे तत्काल रोक जाए। घटतौली की गुप्त जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। बारिश एवं तेज हवाओं के कारण जिन फसलों का नुकसान हुआ है, उन्हें चिन्हित कर मुआवजा दिया जाए। ज्ञापन देने वालों में ब्लाक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, रामश्री, गुड्डी देवी, सुधा, रामसेवक, उत्तम कुमार आदि मौजूद रहे।

प्रमाण पत्र वितरण समारोह 19 को

शाहजहांपुर, अमृत विचार : सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नारायण दत्त त्रिपाठी ने बताया कि 19 मार्च को समय 3 बजे से राजीव सभागार में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों कार्यकारिणी के प्रमाण पत्र वितरण समारोह और चुनाव अधिकारियों एवं सुरक्षा समिति के सदस्यों का सम्मान समारोह मनाया जाएगा। जिसमें अधिवक्ताओं को आमंत्रित किया गया है।

सार-संक्षेप

जान है तो जहान है विषय पर कार्यशाला आयोजित

कलान। अमर शहीद परमवीर चक्र नायक जदुनाथ सिंह जन कल्याण सेवा संस्थान के तत्वाधान में डबाकरा भवन में शनिवार को आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सहायिका के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। जान है तो जहान है विषय पर हुई कार्यशाला में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख कलान रुचि वर्मा ने कहा कि सड़क सुरक्षा बहुत महत्वपूर्ण व ज्वलंत मुद्दा है। सावधानी से बड़ी से बड़ी दुर्घटनाओं पर विराम लगाया जा सकता हैं। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी व आशा बहनों का हर घर से रिश्ता होता है इसलिए सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक होना बहुत अहम है। विशिष्ट अतिथि परौर थाना प्रभारी सोनी शुक्ला ने कहा कि पुलिस आपकी रक्षक है। सड़क सुरक्षा के नियम का पालन करें। संस्था अध्यक्ष मुनीश सिंह परिहार ने कहा कि आम जनमानस को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए संस्था कटिबद्ध है। कार्यशाला को प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश सिंह, उदय प्रताप सिंह चौहान, उपनिरीक्षक यशपाल सिंह, तारा यादव, जितेंद्र मिश्रा, सुषमा देवी, अशोक यादव ,ओमवीर यादव आदि ने भी विचार व्यक्त किए। समापन पर ब्लॉक प्रमुख ने सभी को सड़क सुरक्षा के प्रति शपथ दिलाई।

विवेकानंद की प्रतिमा लगाए जाने की मांग

तिलहर। युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा लगाई जाने की मांग को लेकर एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने तहसील में प्रदर्शन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई के कार्यकर्ताओं ने ब्रज प्रांत के कार्यकारिणी सदस्य हर्षिल ठाकुर के नेतृत्व में कार्यकर्ता एकत्र हुए। उन्होंने कहा कि नगर के किसी चौराहे का सौंदर्यीकरण कर युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा लगाई जाए। सिद्धार्थ गुप्ता ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा लगाने के लिए कई बार ज्ञापन दिए जा चुके हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। वहीं विभाग प्रमुख मचकेंद्र सिंह ने कहा नगर के प्रमुख चौराहे पर स्वामी जी की प्रतिमा लगी होने पर युवाओं को स्वामी जी की प्रतिमा देखकर नई ऊर्जा और प्रेरणा मिलेगी। पूर्व में भी कई बार विद्यार्थी परिषद द्वारा स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की जा चुकी है। चेतावनी दी कि प्रतिमा लगाने के लिए जल्द आदेश नहीं पारित किया गया तो वह लोग आगे की रणनीति बनाएंगे। इस दौरान देव सिंह चौहान, वैभव पंडित, आदित्य गुप्ता, हर्ष गुप्ता, आयुष, राजदीपक, प्रभू दयाल, राजन सिंह, श्याम, भारत, उदय, अभिषेक, अभिनव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा
गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

रमज़ान मुबारक
छठवां रोज़ा इफ्तार - 17 मार्च 2024
सुन्नी - 06:25 बजे
शिया - 06:32 बजे
सातवां रोज़ा सहरी - 18 मार्च 2024
सुन्नी - 04:53 बजे
शिया - 04:48 बजे
नोट:- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।
माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
जाकिया बेगम (प्रधान)
पत्नी
फुरकान अली
ग्राम पंचायत कटिया बुजुर्ग
विकास खंड सिंधौली
जनपद शाहजहांपुर

आफताब
प्रधान पुत्र

शिव इन्टरप्राईजेज
फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

23 लाख से ज्यादा मतदाता चुनेंगे अपना सांसद

चौथे चरण में 13 मई को होगा मतदान, 18 से 25 अप्रैल तक होंगे नामांकन, राजनीतिक दलों में बढ़ी हलचल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव 2024 का बिगुल बज चुका है। शनिवार को डीएम की प्रेस कांफ्रेंस के साथ ही चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। साथ ही राजनीतिक दलों में भी हलचल बढ़ गई है। आचार संहिता के पालन के लिए पुलिस और प्रशासन की टीम को सक्रिय कर दिया गया है। आचार संहिता लागू होने के बाद शनिवार शाम को ही सड़कों पर पटी चुनाव प्रचार सामग्री हटाई जाने लगी। बड़ी संख्या में होर्डिंग, बैनर, पोस्टर हटा दिए गए। जिले में 23 लाख 22102 मतदाता 13 मई को अपना सांसद चुनेंगे।

शनिवार शाम कलेक्ट्रेट डीएम उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में हुई पत्रकार वार्ता में एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडे ने बताया कि जिले में चौथे चरण में 13 मई को मतदान होगा। नामांकन प्रक्रिया 25 अप्रैल तक चलेगी और 26 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 29 अप्रैल को नाम वापसी हो सकेगी। जिले में कुल 1792 मतदान केंद्र और 2481 बूथ है।

चुनाव में 23 लाख 22 हजार 102 मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। प्रशासन में बीते दिनों जिले के 2481 मतदेय स्थलों पर अंतिम वोटर लिस्ट का प्रकाशन कर दिया था। जिले में पुनरीक्षण से पहले 22 लाख 18 हजार 224 मतदाता थे, जो बाद में बढ़कर 23 लाख 22 हजार 102 हो गए। पुनरीक्षण से जिले में 103878 मतदाता बढ़े हैं। इनमें महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से ज्यादा है। पुरुष मतदाताओं की संख्या में जहां 41655 की वृद्धि हुई है, वहीं महिला मतदाताओं की संख्या 62244 बढ़ी है। हालांकि तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या में 21 की कमी आई है।

वहीं, पुवायां में राजीव चौक, मोहम्मदी रोड, नाहिल चौराहा, जेवां मोड़, निगोही रोड पर होर्डिंग आदि हटवाए गए।

पत्रकार वार्ता करते डीएम उमेश प्रताप सिंह व एडीएम संजय कुमार पांडेय।

चुनाव प्रचार सामग्री हटवाते सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार। ● अमृत विचार

पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड पर

शाहजहांपुर/कुर्रिया कला। चुनाव आयोग की ओर से चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। जनपद में सार्वजनिक जगहों पर लगे होर्डिंग, पोस्टर बैनर को प्रशासन ने हटवाना शुरू कर दिया है। शनिवार को एडीएम प्रशासन, सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद कुमार, एसडीएम सदर ज्ञानेंद्र नाथ सिंह, कांट कोतवाली प्रभारी दयाशंकर सिंह, अधिशासी अधिकारी कांट नूरजहां, बाबू दानिश के साथ संयुक्त रूप से अभियान चलाकर होर्डिंग बैनर पोस्टरों को हटवाकर लोगों को चेतावनी दी है। अन्य क्षेत्रों में भी होर्डिंग, बैनर और पोस्टरों को हटवाया गया। अब यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उल्लंघन पर कार्रवाई होगी।

तिलहर में एसडीएम ने उतरवाई प्रचार-सामग्री

तिलहर। लोकसभा चुनाव की तारीख की घोषणा होने के बाद प्रशासन अलर्ट हो गया। एसडीएम अंजलि गंगवार, तहसीलदार जयप्रकाश यादव, ईओ कल्पना शर्मा ने नगर में लगे अलग-अलग दलों के नेताओं की होर्डिंग हटवा दिए। ईओ कल्पना शर्मा ने बताया कि रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक बिना परमिशन के कोई भी लाउडस्पीकर का प्रयोग नहीं करेगा।

विभिन्न वर्गों में वोटर्स की संख्या

20574 दिव्यांग वोटर्स : कटरा -3279, जलालाबाद-3933, तिलहर-3949, पुवायां-2285, शाहजहांपुर-3566व ददरौल-3562 कुल संख्या 20574

1303 सर्विस वाले : कटरा -230, जलालाबाद-328, तिलहर-183, पुवायां-232, शाहजहांपुर- 221 ददरौल-109 कुल संख्या 1303 है।

18-19 आयु के 51264 : कटरा -8484, जलालाबाद-8963, तिलहर-9210, पुवायां-8408, शाहजहांपुर- 7586 ददरौल-8613 कुल संख्या 51264 है।

20-29 साल के वोटर : कटरा-69528, जलालाबाद-78367, तिलहर-71965, पुवायां-74609, शाहजहांपुर- 71981 ददरौल-72473 कुल संख्या 438923 है।

आचार संहिता लागू, प्रशासन ने उतरवाए बैनर और होर्डिंग

खुटार। प्रशासन ने शनिवार शाम बैनर और होर्डिंग को उतरवा लिया है। पुलिस-प्रशासन ने आचार संहिता उल्लंघन करने वाले लोगों पर कार्रवाई की चेतावनी का संदेश दिया है। साथ ही मेन मार्केट व चौराहों पर लगे बैनर, होर्डिंग उतारने के आदेश दिए। आदेश के बाद खुटार नगर पंचायत प्रशासन ने कर्मचारियों से पोल, दीवार आदि स्थानों पर विभिन्न दलों के प्रत्याशियों के लगे होर्डिंग, चस्पा पोस्टर हटा लिए गए और ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर नगर पंचायत में सुरक्षित रखवा लिए है। शनिवार शाम को नगर के मेन मार्केट, तिकुनिया, मैलानी, पूरनपुर, गोला, पुवायां और बंडा रोड से चुनाव प्रचार सामग्री हटा दी गई।

लोकसभा के साथ ही ददरौल में होगा उपचुनाव

शाहजहांपुर। 13 मई को जनपद में होने जा रहे लोकसभा चुनाव के लिए वोटिंग के साथ ही ददरौल विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान होगा। जिसको लेकर जिला प्रशासन व जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। ददरौल विधायक मानवेंद्र सिंह के निधन के बाद ददरौल सीट पर उप चुनाव का ऐलान कर दिया गया। चौथे चरण में यहां वोट डाले जाएंगे। ददरौल में 361 मतदान केंद्र, 438 मतदेय स्थल, 8 जोनल मजिस्ट्रेट, 33 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 3 टीम एफएसटी, एसएसटी 3 टीम, वीवीटी टीम 1 टीम, बीएसटी 1 टीम लगाई गई है। अभी उप चुनाव में किसी भी पार्टी से कोई भी प्रत्याशी सामने नहीं आया है। विधानसभा ददरौल को 199392 पुरुष, 172649 महिला वोटर, 51 तृतीय लिंग वोटर, कुल 372092 वोटर अपना अपना वोट डालेंगे। ददरौल उपचुनाव के लिए रिटर्निंग आफिसर एसडीएम सदर ज्ञानेंद्र नाथ को बनाया गया है। जिनका मोबाइल नंबर 9454415878 है। चुनाव का नामांकन भी कलेक्ट्रेट में डीएम कंट्रोम रूम कक्ष संख्या 10 में होंगे। बाकी सारी प्रक्रिया नामांकन की लोकसभा चुनाव की तरह होगी।

जिले में दस लाख 75 हजार महिला मतदाता

पुनरीक्षण अवधि में युवा मतदाताओं व महिला मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी रही। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की शुरुआत में 27 अक्टूबर को जिले में 18-19 आयु वर्ग के मात्र 3023 मतदाता थे जो अब बढ़कर 51264 हो गए हैं। महिला मतदाता पुनरीक्षण के शुरू होते समय 1013494 थे, जो अब बढ़कर 1075738 हो गए हैं। इसी प्रकार जेंडर रेशियो पुनरीक्षण अवधि में 841 था, जो अब बढ़कर 863 हो गया है। ईपी रेशियो पुनरीक्षण के शुरुआत में 59 .13 प्रतिशत था, जो अब बढ़कर 61.90 प्रतिशत हो गया है।

100 प्लस वाले 365 वोटर भी करेंगे मतदान

लोकसभा चुनाव में 100 प्लस वाले 365 मतदाता इस बार वोटिंग करेंगे। विधानसभावार अगर इन वोटरों की बात करें तो सबसे ज्यादा 100 प्लस वाले बुजुर्ग वोटर 165 तिलहर, सबसे कम बुजुर्ग वोटर शाहजहांपुर व ददरौल विधानसभा में 2-2 है। कटरा में 114, जलालाबाद 25, पुवायां 57 वोटर्स है। कुल 100 प्लस वोटर्स 365 है। चुनाव में 85 प्लस वाले 21096 मतदाता है। जिसमें कटरा -3166, जलालाबाद-2947, तिलहर- 4078, पुवायां -4223, शाहजहांपुर-3495 व ददरौल-3187 कुल संख्या 21096 है।

एक नजर

महिला ने पति के साथ की मारपीट, दी तहरीर

जलालाबाद। क्षेत्र के गांव फरीदापुर निवासी सतीश ने थाने में तहरीर देकर बताया कि बीते दिन उसने अपनी पत्नी को दूसरे से बात करने पर डांट दिया था। इसी बात पर वह नाराज हो गई और बीती रात घर में सोते समय पत्नी ने उसका गला दबाने की कोशिश की एवं उसके साथ मारपीट की, जिससे उसका सिर फट गया। पति ने पत्नी के खिलाफ तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की हैं। पुलिस ने पीड़ित को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया और जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

नशे में खीरी की महिला ने किया हंगामा

पुवायां। शराब के नशे में धुत्त महिला ने जमकर हंगामा काटा। बीच सड़क पर सरेराह गाली गलौज कर रही इस बारे में किसी ने कोतवाल को सूचना दी। जिस पर पुलिस उसे थाने ले आई लेकिन महिला कोतवाली में भी हंगामा करती रही। जिसे पुलिस ने कंट्रोल करने की कोशिश की लेकिन वह नहीं मानी। बमुश्किल उसे शांत किया गया। बताया जाता है कि महिला लखीमपुर जनपद की निवासी बताई जाती है।

वांछित अभियुक्त तमंचा समेत गिरफ्तार

शाहजहांपुर। चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि अभियुक्त मुस्तकीम निवासी मोहनुद्दीनपुर थाना ककौरी जिला लखनऊ के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया था। जो फरार चल रहा था। पुलिस ने शनिवार को मुस्तकीम को अजीजगंज चौराहे से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तमंचा व दो कारतूस बरामद किए है। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया।

राजनीतिक दलों के बैनर, पोस्टर उतरवाए

कांट/कलान। प्रशासन ने कलान और कांट नगर में लगे राजनीतिक दलों के पोस्टर और बैनर भी हटवाए। अधिशासी अधिकारी रामकृष्ण वर्मा के निर्देशन में लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही कर्मियों ने नए पोस्टर, बैनर और होर्डिंग उतरवाए। वहीं ग्रामीण इलाकों में लगे राजनीतिक दलों के बैनर, पोस्टर ग्राम पंचायत में तैनात सफाई कर्मियों और पुलिस ने उतरवाए। कांट में भी नगर पालिका की टीम ने राजनीतिक दलों की प्रचार सामग्री हटवाई।

पुलिस और प्रशासन की टीम सक्रिय

जैतीपुर। आम चुनाव 2024 की आदर्श आचार संहिता जारी होने के साथ ही शनिवार शाम को कस्बे की सड़कों पर आचार संहिता का डंडा चलने लगा। शाम को ग्राम पंचायत के अफसरों की टीमें निकल पड़ीं। इस दौरान जेसीबी की मदद से दीवारों, खंभों पर लगे भाजपा, सपा, बसपा, कांग्रेस समेत अन्य दलों के नेताओं, संभावित उम्मीदवारों के बैनर पोस्टर उतरवा दिए गए। कई स्थानों पर लगे होर्डिंग भी हटवा दिए गए। चुनावी माहौल बनाने के लिए लगाए गए पोस्टर-बैनरों को हटाए जाने का सिलसिला देर रात जारी रहा।

देहात क्षेत्र में रूट मार्च करती पुलिस और अर्द्धसैनिक बल के जवान। ● अमृत विचार

अर्द्धसैनिक बल ने निकाला रूट मार्च

संवाददाता, खुटार

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की घोषणा और होली, रमजान के मद्देनजर थानाध्यक्ष संजय कुमार ने पुलिस टीम और एसएसबी जवानों के साथ नगर के कई मोहल्लों और गांव कैमहरिया, ओरंगाबाद, लक्ष्मीपुर, टाहखुर्द कलां, रामपुर कलां, भरकलीगंज, जादौपुर कलां आदि गांव में रूट मार्च किया गया। साथ ही जनता से भयमुक्त होकर शांति पूर्वक मिलजुल कर त्योहार मानने की अपील की। यदि कोई अराजकता करता है तो पुलिस को सूचित करे। उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

परौर। परौर पुलिस व अर्द्धसैनिक बल ने क्षेत्र के गांव कौमी, कुबेरपुर, पृथ्वीपुर खजुरी परौर आदि गांवों में रूट मार्च किया। इस मौके पर थाना अध्यक्ष सोनी शुक्ला, उप निरीक्षक विक्रम सिंह, रमेश कुमार वर्मा, ओमप्रकाश सिंह, मुख्य आरक्षी विनय कुमार शुक्ला, आरक्षी चौधरी हिमांक रजोरा के अलावा पुलिस व अर्धसैनिक बल मौजूद रहा।

धारदार हथियार से किया हमला, पिता पुत्र पर आरोप

खुटार, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव लक्ष्मीपुर निवासी चंद्रभूषण ने पुलिस को बताया कि गांव के बाहर उसका खेत है। गांव के ही रहने वाले एक व्यक्ति का पास में ही खेत है। आरोप है कि उक्त व्यक्ति खेत की मेड़ काटकर अपने में मिला लेता है। कई बार मना करने के बावजूद बात नहीं माना। जिस कारण आए दिन विवाद होता रहता है। शनिवार सुबह करीब दस बजे वह खेत की तोड़ी गई मेड़ को सही कर रहा था, तभी विपक्षी व्यक्ति अपने पुत्र के साथ आया और गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर दोनों ने मठेई और फावड़ा से हमला करने के लिए दौड़ा लिया। जिससे वह बमुश्किल जान बचाकर भागया। चंद्रभूषण ने पुलिस को नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई की बात कही है।

चालक, परिचालक को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- दिल्ली रूट पर बढ़ेंगे बसों के फेरे होली पर छुट्टी पर रोक

अमृत विचार : होली के पर्व को लेकर परिवहन निगम के चालक और परिचालक की छुट्टी पर रोक लगा दी गई है। केवल इमरजेंसी में छुट्टी मिलेगी। चालक और परिचालक को दस दिन तक लगातार काम करने पर प्रोत्साहन राशि मिलेगी। दिल्ली के लिए बसों के फेरे बढ़ाए जाएंगे।

स्थानीय डिपो में निगम की एक सौ चार बसें और अनुबंधित 84 बसें है। दिल्ली के लिए निगम की तीस बसें संचालित हो रही है। होली के पर्व को लेकर चालक, परिचालक व वर्कशाप के कर्मचारियों की छुट्टी बंद कर दी गई है। 22 मार्च को एक अप्रैल तक लगातार ड्यूटी करने वाले चालक व परिचालक तथा वर्कशॉप कर्मचारियों प्रोत्साहन धनराशि दी जाएगी। चालक और परिचालक को दस दिन की प्रोत्साहन धनराशि 3500 रुपये व 11 दिन की 4400 रुपये दी जाएगी। इसी प्रकार वर्कशाप में काम करने वाले कर्मचारियों को 11 दिन का 1800 रुपये व दस दिन का 1500 रुपये एकमुश्त राशि दी जाएगी। इधर होली के पर्व को लेकर वर्कशाप में बसों की मरम्मत का कार्य शुरू करा दिया गया है, जिससे होली के पर्व बसें सही चल सके। दिल्ली की बसों के फेरे बढ़ाए जाएंगे। एआरएम आरएस पांडेय ने बताया कि होली पर कर्मचारियों की छुट्टी बंद कर दी गई और लगातार ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

भाजपा के दिग्गज जापान बाबू का निधन, सैकड़ों लोगों ने दी अंतिम विदाई

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- गर्रा मोक्षधाम पर बेटे विनय चंद्र सेठ ने दी मुखाग्नि, मुख्यमंत्री ने शोक संदेश भेज जताया गहरा दुख
- वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद, सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने व्यक्त की संवेदना

अमृत विचार : भाजपा के दिग्गज नेताओं में शुमार किए जाने वाले जिले के वरिष्ठ नेता निर्भय चंद्र सेठ उर्फ जापान बाबू का शुक्रवार रात निधन हो गया। वह काफी समय से बीमार चल रहे थे। जापान बाबू 82 वर्ष के थे। शनिवार को पार्टी के झंडे में दिवंगत नेता की शवयात्रा निकाली गई। उनके मंदिर गंज स्थित निज आवास से अंतिम यात्रा शुरू हुई, जो सरोदी बंगला, कच्चा कटरा, कोतवाली, चौक, चारखंबा, राजघाट चौकी होते हुए गर्रा मोक्ष धाम पहुंची, जहां उनके पुत्र विनय चंद्र सेठ ने मुखाग्नि दी। जापान बाबू के निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी शोक व्यक्त किया है।



जापान बाबू भाजपा जिलाध्यक्ष, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, राष्ट्रीय परिषद सदस्य रहने के साथ ही दो बार लोकसभा और एक बार राज्यसभा का चुनाव भी लड़े। वह जिले की राजनीति की धुरी कहे जाते थे। उनके निधन का समाचार सुनते ही सैकड़ों लोग उनके मंदिर गंज स्थित कोठी पर सुबह से ही पहुंचने शुरू हो गए थे। सभी ने अंतिम दर्शन कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। दिवंगत नेता के पार्थिव शरीर को भाजपा के झंडे में लपेटकर फूलों से सुसज्जित रथ पर रखकर शहर में अंतिम यात्रा निकाली गई। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर दिवंगत को विदाई दी।

वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने आवास पर उन्हें पुष्पचक्र अर्पित किया। खन्ना ने कहा कि जापान बाबू ने भाजपा के जो पौधे लगाए थे, वह आज वट वृक्ष के रूप में देश और समाज की सेवा कर रहे हैं। वह भाजपा की रीढ़ कहे जाते थे। लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने भी जापान बाबू के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संवेदना व्यक्त की है। सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि जापान बाबू ने पार्टी हित में जो सपने देखे थे, वे सभी पूरे हुए। उनका योगदान अतुलनीय व अविस्मरणीय है। अंतिम यात्रा में कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना और सांसद अरुण सागर ने कंधा भी दिया।

अंतिम यात्रा में ये लोग रहे शामिल

अंतिम यात्रा में भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्ण चंद्र मिश्र, एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता, विधायक चेतराम पासी, विधायक हरिप्रकाश वर्मा, विधायक वीर विक्रम सिंह, डीसीबी चेयरमैन डीपीएस राठौर, पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह यादव, बलवीर सिंह, श्याम नारायण मिश्रा, सत्यभान भदौरिया, बाबूराम गुप्ता, पैक्सफेड उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, राजेश वर्मा, पूर्व विधायक राजेश यादव और रोशन लाल, डॉ. रविमोहन, अरविंद सिंह, रविंद्र सिंह राठौर, बरेली ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित, प्रियांशु रघुवंशी, श्रीदत्त शुक्ला, भानू प्रताप सिंह, अरुण यादव चैनू, रमाकांत मिश्रा, कौशल मिश्रा, नवनीत पाठक, अशोक अग्रवाल, डॉ. यूडी कपूर, डॉ. बृजेंद्र सक्सेना, डॉ. मोहित मोहन, डॉ. संजीव कनौजिया, हरगोविंद मोदी, भूपेंद्र सिंह भन्नू, प्रमोद चंद्र सेठ, अनिल गुप्ता, विनीत मिश्रा समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए।

पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता थे जापान बाबू: मुख्यमंत्री

